राजस्थान पत्रिका

रैली बेंगलूरु में बुधवार को तंबाकू सेवन के विरोध में निकाली गई रैली में शामिल जैन कॉलेज के विद्यार्थी।

तंबाकू सेवन के विरोध में निकाली रैली

जैन कॉलेज के विद्यार्थियों का अभियान

बेंगलूरु. वीवी पुरम स्थित जैन कॉलेज के युवा रेडक्रॉस शाखा से जुड़े विद्यार्थियों ने बुधवार को तंबाकू निषेध अभियान चलाया।

करीब 400 विद्यार्थियों ने हाथों में बैनर तथा प्लेकार्ड लेकर वीवी पुरम, मिनर्वासर्किल, किम्स तथा नेशनल कॉलेज के रास्ते एक रैली निकाली। इस दौरान उन्होंने धूम्रपान तथा तंबाकू उत्पादों के सेवन से होने वाले हानिकारक प्रभावों से लोगों को अवगत कराया। विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटकों का प्रदर्शन कर उन्होंने तंबाकू की समस्या से निपटने के लिए उचित कदम उठाने का भी आह्वान किया।राज्य के तंबाकू निषेध सलाहकार डॉ सोमली रस्तोगी ने कहा कि इस प्रकार के अभियान की जरूरत है। बच्चों को उनके पिताजी के मुंह से सिगरेट निकालकर फेंक देना चाहिए। इस अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ कुलकर्णी, सचिव डॉ दर्मप्पा तथा कॉलेज के प्राचार्य डॉ एसएन नटराज भी मौजूद थे। *(का.सं.)*